हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 महिला मंडल ने होली मिलन व गणगौर उत्सव धूमधाम...



12 जनता ने भाजपा के एक साल के कार्य पर ...





## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 से

**खरोरा।** शिव पुराण सेवा समिति राधा कृष्ण मंदिर वार्ड नंबर 2 के तत्वावधान में तिल्दा रोड खरोरा में भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इसमें



कथा व्यास पंडित सुरेश कुमार शर्मा द्वारा कथा प्रवचन किया जाएगा। लंबे समय के बाद शिव महापुराण की कथा का आयोजन होने के कारण मोहल्ला और नगर में उल्लास का माहौल है। लोग आपस में बैठकर कथा के विषय में चर्चा करते नजर आ रहे हैं। 21 मार्च शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा की शुरुआत होगी जो 28 मार्च तक चलेगी। चैत्र माह में शिव कथा श्रवण करने की बड़ी महिमा शिव पुराण में बताई गई है।

### एक कॉल पर महीनों की परेशानी दूर

**रायपुर।** कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में एक शिकायत पर महीनों से परेशान एक व्यक्ति की समस्या दूर हो गई। ग्राम भटिया ब्लॉक आरंग निवासी भागवत सोनवानी ने जन्म प्रमाणपत्र और निवासी प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन के साथ सारे दस्तावेज भी उसके द्वारा जमा कराए गए थे। इसके बाद भी दोनों प्रमाणपत्र बनाने में विलंब किया जा रहा था। भागवत ने इसकी शिकायत कॉल सेंटर के हेल्पलाइन में फोन लगाकर की। इस शिकायत के बाद कुछ ही दिनों में समस्या का समाधान कर दिया गया।

# जिले में लाल ईंट का अवैध निर्माण और बिक्री जारी

**राजस्व और खनिज विभाग की अनदेखी से प्रदेश सरकार को राजस्व की हो रही क्षति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में शासकीय और निजी भूमि पर अवैध रूप से लाल ईंट निर्माण का धंधा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार सरकारी विभाग इस पर रोक लगाने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की बजाय चुप्पी साधे बैठा है। राजस्व और खनिज विभाग की अनदेखी के चलते बिना अनुमति और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कई जगहों पर हाथ वाले ईंट भट्टे संचालित हो रहे हैं। बिना किसी अनुमति के चल रहे अवैध लाल ईंट भट्टे से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हो रहा है। भारी मात्रा में धुआं, राख और धूल उत्पन्न करने के चलते आसपास की जमीन बंजर होने के अलावा आसपास के निवासियों को शुद्ध हवा तक नसीब नहीं हो रही है। इन भट्ठों से निकलने वाला काला धुआं और धूल-कण वातावरण में घुलकर श्वसन से जुड़ी गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। खासकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए यह प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। नियमों को ताक पर रखकर संचालित ईंट भट्टे कारण वृक्षों के विनाश और कृषि भूमि की उर्वरता भी प्रभावित होने की बात कही जा रही है।

▪ पर्यावरण को भी पहुंचाया जा रहा नुकसान





### ईंट पकाने ईधन के लिए पेड़ों की कटाई चरम पर

अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन भट्टों में ईट पकाने के लिए ईधन हेतु बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे क्षेत्र में हरियाली खत्म हो रही है और प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन भट्टों के कारण न सिर्फ वन संपदा को नुकसान हो रहा है। जबकि कानून के अनुसार बिना अनुमति हरे भरे पेड़ों की कटाई दंडनीय अपराध है, फिर भी जिले में धड़ल्ले से वृक्षों का सफाया किया जा रहा है।

### विभाग की लापरवाही से बढ़ रहा अवैध खनन

खनिज विभाग की अनदेखी के चलते क्षेत्र में बिना लाइसेंस के मिट्टी का खनन किया जा रहा है। नियमानुसार, मिट्टी खनन के लिए अनुमति लेना आवश्यक होता है, लेकिन अवैध रूप से ईंट निर्माण करने वाले लोग बिना किसी अनुमति के यह कार्य कर रहे हैं। इससे न केवल सरकार के राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि क्षेत्र के भू जलस्तर में गिरावट आने के साथ मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित हो रही है।

### भट्ठों में पानी की भारी खपत, गिर रहा जलस्तर

अवैध रूप से संचालित इन ईंट भट्ठों में पानी की भारी खपत हो रही है, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, वहीं भट्ठा संचालक बिना किसी अनुमति के बोरवेल और तालाबों से में पानी निकालकर ईंट निर्माण में उपयोग कर रहे हैं। अवैध रूप से पानी का दोहन होने से गर्मियों में आसपास के क्षेत्र में भू जल स्तर गिरने से ग्रीष्मकाल में जल संकट की समस्या पैदा हो जाती हैं।

### बाल श्रम कानून की उड़ रही धज्जियां

ईंट भट्ठों में कार्य के लिए श्रमिक सपरिवार वहां जाकर झोपड़ी बनाकर रहते हैं तथा श्रमिकों के साथ वहां पहुंचे बच्चे भी परिवार के साथ ईंट बनाने में सहयोग करते दिखाई पड़ते हैं। इस तरह पढ़ाई की बजाय बच्चों से बाल श्रमिक के रूप में कार्य कराये जाने की जानकारी दी जा रही है। नियम के मुताबिक 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना दंडनीय अपराध है, लेकिन जिले में संचालित ईंट भट्ठों में इस कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### सरकारी भूमि पर हो रहा अतिक्रमण

जिले में सरकारी जमीन के अलावा निजी भूमि में लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर हाथ ईंट भट्ठा लगाकर ईंट का व्यवसाय किया जा रहा है। अधिकांश ईंट भट्ठा मालिको द्वारा इस बारे में नियमानुसार विभाग से अनुमति लिये बिना ईंट निर्माण करने के बावजूद प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने के लिए कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। अवैध ईंट भट्ठों के कारण मिट्टी के अत्यधिक दोहन से भूमि की गुणवत्ता खराब हो रही है। कई इलाकों में भू-क्षरण जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। भट्ठा संचालक नियमों की परवाह किए बिना खेतों, तालाबों और सरकारी जमीन से मिट्टी निकाल रहे हैं। जिससे प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान हो रहा है।

### प्रशासन की अनदेखी या मिलीभगत

हालांकि, पर्यावरण संरक्षण और खनिज विभाग के सख्त नियम हैं कि बिना अनुमति के लाल ईंट भट्ठों का संचालन नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसके बावजूद जिले में धड़ल्ले से अवैध ईंट भट्टे चल रहे हैं। लोगों का आरोप है कि बड़े पैमाने पर जिला में हाथ भट्ठा वाले लाल ईंट के निर्माण कार्य के जारी कार्य पर प्रशासन द्वारा नजर रखकर अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई नहीं किये जाने से शंका होती है कि मिलीभगत के कारण ये कारोबार फल-फूल रहा है। सरकार द्वारा ईंट भट्ठों के संचालन के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। इनमें पर्यावरण स्वीकृति, जल प्रदूषण नियंत्रण और वायु गुणवत्ता बनाए रखने के प्रावधान शामिल हैं, लेकिन बलौदाबाजार में इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# नियमितीकरण के लिए सचिव संघ ने शुरू की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर सिमगा ब्लॉक के पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे पंचायतों में संचालित होने वाले कार्य ठप पड़ गए है। प्रशासन ने पंचायत के कार्य सुचारु संचालन के लिए किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।

पंचायत सचिव संघ ने कहा कि जब तक हमारे मांग पूरी नहीं होती, तब तक ब्लॉक के सभी 104 ग्राम पंचायत के सचिव कामबंद कलमबंद करते हुए अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। अभी हाल में ही सरपंच चुनाव संपन्न हुये कुछ ही समय हुआ है।

▪ ठप हुआ पंचायतों में काम-काज, प्रशासन ने नहीं की है वैकल्पिक व्यवस्था

विदित हो कि पंचायत सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में नवनिर्वाचित सरपंचों के साथ साथ ग्रामीणों को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जोहनदास भारती, रमेश बंजारे, खड़ानंद वर्मा, सुरेश घृतोड़े, विकास साहू, हीरा लाल साहू, विरेन्द्र साहू, मालिक राम साहू, खिलेश्वर शर्मा, मंजू मनीषा जायसवाल डहरिया इंदरा मारकंडेय, परमेश्वरी मारकंडेय सहित बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

### चुनाव के 1 वर्ष बीत जाने के के बाद भी पंचायत सचिवों का शासकीयकरण नहीं

पंचायत सचिव संघ सिमगा के अध्यक्ष जोहनदास भारती एवं प्रवक्ता विरेन्द्र साहू ने बताया कि केन्द्र सरकार के मुखिया ने लोकसभा चुनाव के पूर्व अपने घोषणा पत्र में 100 दिनों के अंतर्गत मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीय करण की घोषणा की थी, परंतु चुनाव के 1 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी पंचायत सचिवों का शासकीय करण नहीं किया गया है। वहीं पंचायत सचिव संघ के प्रदेश इकाई द्वारा रायपुर के इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति में पंचायत सचिव संघ द्वारा मुख्यमंत्री को शासकीय करण हेतु पत्र सौंपा गया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कमेटी गठन कर एक माह के भीतर शासन को रिपोर्ट सौंपने की बात कही थी। मगर आज दिनांक तक पंचायत सचिवों की मांग पर कोई उचित हल नहीं होने के कारण विवश होकर पंचायत सचिव संघ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने मजबूर हो गए।






## खबर संक्षेप



### आंबेडकर अस्पताल में मनाया होली मिलन

**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी कर्मचारी और अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर सादगीपूर्वक होली पर्व मनाया। साथ ही पारंपरिक फाग गीतों की धुन पर सभी झूमते नजर आए। कार्यक्रम में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, डॉ. सतीश शुक्ला, धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, सत्यम श्रीवास्तव, जाहिद अली, राजेश वैष्णव, दिनेश कडंरभूजे, दिनेश सोनकर, रामबाबू, हरि साहू, शुभ्रा सिंह ठाकुर, अनिल पुरेना सहित अनेक कर्मचारी-अधिकारी शामिल थे।

### लोधेश्वरधाम में होली मिलन पार्षद सावित्री सम्मानित



**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा द्वारा लोधेशवरधाम में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने के संकल्प को लेकर फूलों की होली खेली गई और गुलाल का तिलक लगाया गया। इस बीच सामाजिक गतिविधियों व लोधेश्वरधाम के निर्माण योजना को लेकर सार्थक चर्चा भी खुले मंच से हुई। हाल ही में दुर्ग नगर निगम से पार्षद चुनी गईं सावित्री दमाहे का शॉल, श्रीफल, गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों का शक्कर की माला पहनाकर, गुलाल लगाकर स्वागत, सम्मान किया गया। समाज के सचिव लोधी प्रहलाद दमाहे ने बताया कि लोधेश्वरधाम में आवागमन, सुव्यवस्थित बसावट, साधन सुविधा मुहैया कराए जाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया।

### ग्रीन आर्मी का इको फ्रेंडली होली मिलन



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी पर्यावरण संरक्षण संस्था ने धोबीपारा गार्डन में इको-फ्रेंडली होली मिलन समारोह आयोजित किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रीन आर्मी के उत्साही सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन आर्मी ने प्रतिभागियों को घर पर ही प्राकृतिक रंग बनाने की सरल विधियां भी सिखाईं। इस अवसर पर 35 से अधिक बुजुर्गों का सम्मान किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण तरुण शर्मा द्वारा प्रस्तुत होली गीत रहा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर होली के पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में पार्षद अजय साहू, आलोक देवांगन, ज्योति देवांगन एवं संस्था सदस्यों के साथ स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### निजी अस्पताल में बॉडी फ्रीजर नहीं, शिकायत



**रायपुर।** रायपुर के एक निजी अस्पताल में मरचुरी की सुविधा के नाम पर जालसाजी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। सीएमएचओ कार्यालय में की गई शिकायत में बताया गया है कि उपचार के दौरान मृत मरीज के शव को रखने के लिए मरचुरी में फ्रीजर की व्यवस्था नहीं थी इसकी वजह से दुखी परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ी। मरचुरी में बॉडी फ्रीजर नहीं होना नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है। शिकायत के आधार पर सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी ने जांच का आश्वासन दिया है।

# सात साल से आयुष्मान योजना की पैकेज दरों में नहीं हुआ संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की पैकेज दरों में पिछले सात सालों से बढ़ोतरी नहीं हुई है, जबकि इस अवधि में अस्पताल के खर्च 70 फीसदी तक बढ़ गए हैं। एएचपीआई का तर्क है कि बिना पैकेज दरों में संशोधन के 5 लाख के कवर को 10 लाख किए जाने की योजना का लाभ मरीज और अस्पताल दोनों को नहीं मिलेगा। उनके द्वारा त्वरित रूप से पैकेज दर में संशोधन के साथ इसमें हर साल बढ़ोतरी की आवश्यकता बताई गई है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहे पांच लाख के कवर को दो गुना करने की योजना प्रस्तावित है। इस पर एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) के छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा है कि आयुष्मान कार्ड में प्रत्येक बीमारी के संपूर्ण उपचार की कुल पैकेज दर पहले से तय हैं। अधिकतर पैकेज दर आयुष्मान योजना लागू होने के समय 2017-18 के निर्धारित किये हुए हैं। बीते 7 वर्षों में अस्पतालों के संचालन व्यय, डॉक्टरों स्टाफ की सैलेरी, बिजली का खर्च मरीज को दी जाने वाली दवाएं और रखरखाव में लगभग 50 से 70 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना में वर्ष 2022 में निर्धारित दरों को लागू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना में कवर राशि को बढ़ाने के साथ पैकेज दरों का तत्काल पुनः निर्धारण किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा मुद्रा स्थिति की दर प्रतिवर्ष 12 से 15 प्रतिशत होती है, इस आधार पर हर साल चिकित्सकीय मुद्रास्फीति के अनुसार पैकेज दरों को भी बढ़ाया जाए।

### एक फीसदी ब्याज का प्रावधान

योजना में अनुबंधित अस्पतालों को क्लेम की राशि का भुगतान 45 दिन के भीतर किए जाने का नियम है। ऐसा नहीं होने पर उन्हें एक प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज राशि का भुगतान किए जाने का प्रावधान है। राज्य में निजी और सरकारी अस्पतालों के स्वास्थ्य योजना के तहत उपचार का सालभर पुराना भुगतान अभी भी लंबित है। ब्याज भुगतान का प्रावधान कागजों में सीमित है।

### अस्पताल का खर्च 70 फीसदी तक बढ़े



- स्वास्थ्य योजना का कवर 5 से 10 लाख करने से मरीजों को अतिरिक्त लाभ नहीं
- एएचपीआई ने पैकेज दर के संशोधन के साथ हर साल बढ़ोतरी की बताई जरूरत

### नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी तय हो

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से किसी मरीज के इलाज की प्रारंभिक स्वीकृति मिल जाने के उपरांत डिस्चार्ज के पश्चात क्लेम को अस्वीकार किए जाने के पूरी जिम्मेदारी स्टेट नोडल एजेंसी की तय होनी चाहिए। अक्सर इस तरह के मामले सामने आते है कि योजना के तहत इलाज के के बाद डिस्चार्ज मरीजों के क्लेम रिजेक्ट कर दिया गया है। इससे अस्पताल को परेशानी होती है।

## नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर मेले-सा माहौल

# पंचायत सचिवों ने हल्ला बोला, धरनास्थल से विस घेराव करने रैली, पुलिस ने रास्ते में रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 11 हजार पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर जमकर हल्ला बोला। सुबह से लेकर शाम तक धरना स्थल पर मेला सा माहौल देखने को मिला। एक सूत्रीय मांग को लेकर विधानसभा घेराव करने रैली की शक्ल में जा रहे पंचायत सचिवों को पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास रोक दिया। इससे प्रदर्शनकारी नाराज हुये। नोक झोंक के बाद आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग से अवगत कराया।

प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 11 हजार पंचायत सचिव मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने के विरोध में धरना देने नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पहुंचे। सुबह दस बजे से बसों में सवार होकर दूरदराज के स्थानों से अपने हक की आवाज बुलंद करने पहुंचे पंचायत सचिवों ने धरना्थल पर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन कर शासकीयकरण की मांग की। संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैकरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पंचायत सचिव धरनास्थल पर विधानसभा घेराव के लिए पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ का देखते हुये धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान स्थिति पर नियंत्रण करने डटे रहे।





- विभिन्न जिलों से बसों में सवार होकर धरनास्थल पहुंचे पंचायत सचिव

### ब्लाक मुख्यालयों में आज काम बंद कलमबंद हड़ताल

प्रदेश भर के पंचायत सचिव शासकीय करण करने की मांग को लेकर 18 मार्च को प्रदेश के 146 ब्लाक मुख्यालय में कामबंद कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। विदित हो कि प्रदेश के पंचायत सचिव 29 विभागों के 200 प्रकार के कार्य करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, आवास का सर्वे, पेंशन, राशनकार्ड मनरेगा सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य का निष्पादन करते हैं। पंचायत सचिवों की शासकीय करण की मांग मोदी की गारंटी में शामिल है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांतीय सचिव लकेश यादव ने बताया कि पंचायत सचिवों के सालों से लंबित मांग बजट में शामिल नहीं होने से पंचायत सचिव में नाराजगी व्याप्त है। इस मांग को पूरा कराने प्रदेश भर से पंचायत सचिव राजधानी में जुटे। आंदोलन की अगली कड़ी में मंगलवार को विकासखंड मुख्यालयों में काम बंद कर विरोध जताया जायेगा।

### पंचायत सचिव जिंदाबाद के लगाए नारे, रैली निकाली

धरना स्थल पर आंदोलन में सहभागी बनने पहुंचे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार होश में आओ, शासकीय करण करना होगा, पंचायत सचिव जिंदाबाद के नारे लगाये। धरना स्थल पर प्रदर्शन के बाद पंचायत सचिव विधानसभा का घेराव करने कतारबद्ध होकर निकले, पर पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को ब्रिज के पास बेरीकेड लगाकर आने बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर एक सूत्रीय मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे। इसके बाद उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# 9 बैंक यूनियन के कर्मचारी अधिकारी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिन करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- 22-23 मार्च को बैंक अवकाश 24 और 25 को रहेगी हड़ताल

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 48 घंटे के हड़ताल का ऐलान किया है, जिसके मुताबिक 24 व 25 मार्च को बैंक के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। 22-23 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। इस तरह 5 दिनों तक बैंक में अवकाश रहेगा। 9 बैंक यूनियनों के पदाधिकारी वाय. गोपालकृष्णा, शिरीष नलगुंडवार, सुरेश बानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सोमवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि सभी संवर्ग में पर्याप्त भर्ती, सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करना, बैंकिंग सेक्टर में प्रति सप्ताह 5 दिन का कार्यदिवस लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा। इस देशव्यापी आंदोलन में करीब 7.50 लाख बैंक कर्मचारी-अधिकारी शामिल होंगे।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए शिरीष नलगुंडवार ने बताया कि सरकार द्वारा आईडीबीआई बैंक में न्यूनतम 51 फीसदी इक्विटी पूंजी बनाए रखने, बैंकों में स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करना, बैंकिंग उद्योग में अनुचित श्रम प्रथाओं को रोकने संबंधी मांग इसमें शामिल है।

### देशभर में आंदोलन का किया ऐलान

पत्रकारों से चर्चा में पदाधिकारियों ने बताया 9 घटक दल द्वारा देशभर में 2 दिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है। यह हड़ताल 24 व 25 मार्च को देशव्यापी आंदोलन के रूप में किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से सभी संवर्ग में पर्याप्त भर्ती, अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने, बैंक सेक्टर में 5 दिन का कार्य दिवस लागू करने, अनियंत्रित बैंकिंग के कारण जनता द्वारा हमले व दुर्व्यवहार के प्रति बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग शामिल है। इसी तरह पीएसबी में कामगार व अधिकारी निर्देशक के पद को भरना, आईबीए के पास लंबित मुद्दों का समाधान, सरकारी के लिए योजना की तर्ज पर आयकर से छूट के साथ ग्रेच्यूटी अधिनियम की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने के लिए संशोधन करने की मांग की गई है।

# चैंबर चुनाव में एक पद के लिए 1 प्रस्ताव, एक ही समर्थक होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नाम निर्देशन के पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र नहीं लिया
- 10 चरणों में होगा चैंबर चुनाव

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव-2025 की प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन के पहले दिन सोमवार को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

प्रदेश में 10 चरणों में चैंबर ऑफ कामर्स का त्रैवार्षिक चुनाव होगा। इसमें 27 हजार से अधिक पंजीकृत सदस्य अपने पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान करेंगे। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कोई भी प्रत्याशी का प्रस्तावक व समर्थक एक ही पद का हो सकेगा। समानांतर पद के लिए वह प्रस्तावक, समर्थक नहीं हो सकता है। जैसे कि- प्रदेश अध्यक्ष एक पद, प्रदेश महामंत्री एक पद, प्रदेश कोषाध्यक्ष एक पद तथा जिला उपाध्यक्ष एक पद, जिला मंत्री एक पद के लिये एक ही प्रस्तावक व एक ही समर्थक हो सकेंगे। दोबारा उसी पद के समर्थक/ प्रस्तावक नहीं हो सकेगा। प्रदेश के प्रत्याशियों के लिए समर्थक, प्रस्तावक का नाम प्रकाशित मतदाता सूची में होना अनिवार्य है, वे किसी जिले से सदस्य हो सकते हैं।

### पहले दिन किसी ने नहीं लिया नामांकन पत्र

चैंबर चुनाव को लेकर नाम निर्देशन दाखिल करने के पहले दिन कोई भी सदस्य प्रत्याशी किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन नहीं लिया गया। नाम निर्देशन पत्र तीन दिनों तक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिये जायेंगे। जमा करने का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च को प्रातः11 बजे से शाम 5 बजे निर्धारित है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, के.सी.माहेश्वरी, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कि आज प्रथम दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र नहीं लिया गया।

# एसआईबी बिल्डिंग में शार्ट सर्किट से आग, मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दोपहर ढाई बजे की घटना

पुराना पीएचक्यू स्थित स्टेट इंटिलिजेंस बिल्डिंग में सोमवार दोपहर शार्ट सर्किट से आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना दोपहर दो से ढाई बजे के बीच की बताई जा रही है।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जिस समय फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने पहुंची थी, उस समय बिजली उपकरण से चिंगारी निकल रही थी। आग पर काबू पाने बिल्डिंग में विद्युत आपूर्ति बंद की गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के काम में जुटी। एसआईबी के अफसरों के अनुसार आग नीचे के फ्लोर पर लगी थी। जहां आग लगी थी, वहां जूनियर स्तर के अफसर बैठते हैं। अफसरों के अनुसार बिल्डिंग में जब आगजनी की घटना हुई, उस समय लंच समय था। इस वजह से ज्यादातर अधिकारी लंच करने चले गए थे। बिल्डिंग के नीचे फ्लोर पर धुंआ निकलते देख मौके पर तैनात गार्ड वहां पहुंचा। तब तक आग बढ़ने लगी थी। इस दौरान गार्ड ने फायर ब्रिगेड तथा अफसरों को आग लगने की जानकारी दी।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। अफसरों के अनुसार आगजनी की घटना से कोई विशेष नुकसान नहीं हुआ है।

# कनेक्शन प्रीपैड होने पर बिजली की खपत के साथ बकाया के पैसे भी कटेंगे रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 11 लाख से ज्यादा मीटर बदले जा चुके हैं। उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड करने की तैयारी है, लेकिन अभी इसकी कोई तारीख तय नहीं है। इतना तय है जब भी कनेक्शन प्रीपैड होंगे तो पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का बकाया है, उनको किस्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी, इसके लिए उपभोक्ताओं को 300 दिनों का समय देने की योजना है। इस बात की भी तैयारी है कि जिस तरह से रोज की खपत के हिसाब के पैसे कटेंगे, उसी तरह से बकाया को भी 300 दिनों में बांटकर रोज पैसे काटे जाएंगे।

- कनेक्शन प्रीपैड होने पर बकाया जमा करने मिलेगा 300 दिनों का समय

केंद्र सरकार ने देश के हर राज्य में स्मार्ट मीटर लगाने का फरमान जारी किया है। इसका राजपत्र में भी प्रकाशन हो चुका है, ऐसे में कोई भी राज्य स्मार्ट मीटर लगाने से मना नहीं कर सकता है। अपने राज्य में इन मीटरों को लगाने का काम दे दिया गया है। प्रदेश में टाटा और जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम कर रही है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी मीटर लगा रही, बाकी संभागों में जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

### बकायादार बड़ी समस्या

अभी प्रदेश में जो बिजली के उपभोक्ता हैं, उनमें से करीब दस लाख उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका बिजली बिल बकाया है। इन उपभोक्ता का बकाया करीब हजार करोड़ से ज्यादा का है। कोरोना काल में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल जमा न करने वालों की बिजली नहीं काटी गई थी। ऐसे में बकाया एक समय तो दो हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया था। बाद में लगातार वसूली से बकाया कम हुआ है। लेकिन अब भी हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। बकायादारों में लाखों की संख्या में बीपीएल उपभोक्ता भी हैं। इन्होंने बरसों से बकाया जमा नहीं किया है, लेकिन इनकी बिजली कभी कटती नहीं है। इनसे तो सुरक्षा निधि भी नहीं ली जाती है। बीपीएल के बकायेदारों से वसूली बड़ी समस्या होगी।

### ज्यादा बकाया भी एक समस्या

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लिए कम राशि वाले बकायादार कोई समस्या नहीं है, क्योंकि हर उपभोक्ता का दो माह के बिजली बिल के बराबर सुरक्षा निधि की राशि जमा रहती है। जब स्मार्ट मीटर लगने के बाद कनेक्शन को प्रीपैड किया जाएगा तो कम राशि वाले बकायेदारों का बकाया सुरक्षा निधि से भी काट जा सकता है, जो पैसा बचेगा, वह वापस हो जाएगा। लेकिन जिनका बकाया सुरक्षा निधि के काटने के बाद भी बच जाएगा, उसकी वसूली के लिए पॉवर कंपनी ने 300 दिनों के अंदर किस्तों में भुगतान करने की सुविधा देने की योजना तैयार की है।

## श्रम विभाग में केस करने वाले श्रमिकों को मिला न्याय

# 14 माह में 233 श्रमिकों को मिला न्याय, उनके हक के साढ़े 5 करोड़ रुपए भी मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छोटी-बड़ी दुकान, उद्योग हो या फिर कोई संस्था या फिर कंपनी, इन जगहों पर अक्सर ईमानदारी से काम करने वाले कर्मचारी या श्रमिकों को कई बार मालिक या प्रबंधक की गलत नीतियों सहित अन्य कारणों से उन्हें उनके मेहनत की राशि मिल नहीं पाती।

इस तरह अपना रुका वेतन से लेकर रिटायरमेंट या फिर मृत्यु होने पर मिलने वाली उपादान की राशि प्राप्त करने के लिए लोगों को एड़ी चोटी का जोर लगाने के बाद भी यह राशि मिल नहीं पाती। इस दौरान कई लोगों को कई बार अपने मालिक और प्रबंधक के दफ्तर के न केवल चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, बल्कि उनके द्वारा किए जाने वाले अभद्र व्यवहार एवं तिरस्कार तक झेलना पड़ता है। ऐसे ही लोगों को न्याय दिलाने के लिए जिला श्रम न्यायालय खुला है। रायपुर जिले में पिछले 14 महीने के दौरान श्रम न्यायालय में 233 लोगों को न केवल न्याय मिला है, बल्कि न्यायालय के आदेश पर उन्हें उनकी मेहनत की 5 करोड़ 57 हजार 6 हजार 632 रुपए की राशि भी मिल पाई है।



### 424 केस में 233 को मिला न्याय

श्रम विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से लेकर 28 फरवरी की अवधि के दौरान रायपुर जिले में कुल 428 प्रकरण दर्ज हैं। इनमें दिसंबर 2024 तक की स्थिति में 394 प्रकरण थे, वहीं 1 जनवरी से 28 फरवरी 2025 के दौरान और नए 30 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस तरह कुल 424 में 233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस तरह निराकरण किए गए प्रकरणों में कुल 5 करोड़ 57 लाख 6 हजार 632 रुपए की उपादान की राशि न्यायालय के आदेश के तहत आवेदकों को दिलवाई गई।

### 191 लंबित, 9 प्रकरण में आरआरसी जारी

श्रम न्यायालय में आवेदक के पक्ष में आदेश जारी होने के बाद भी संबंधित दूसरे पक्षकारों द्वारा उपादान की राशि लौटाई नहीं जा रही थी। आवेदकों की इस शिकायत के आधार पर न्यायालय ने पक्षकारों के विरुद्ध आरआरसी जारी किया था। इसके तहत आवेदकों को उनकी राशि दिलाने के लिए संबंधित आरोपी पक्षकार की संपत्ति कुर्क किया जाना है। इसके तहत 9 प्रकरणों में कुल 32 लाख 29 हजार 632 रुपए की राशि लौटाई जानी है। इस तरह 191 प्रकरणों में अभी फैसला नहीं आया है। ये प्रकरण न्यायालय में चल रहे हैं।

### प्रकरणों का शीघ्र से किया जा रहा निराकरण

*वेतन-उपादान की राशि की शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए सुनवाई तेजी से की जा रही है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद श्रमिकों को देय राशि का भुगतान आदेश जारी किया जा रहा है। जिले में 14 महीने में 234 प्रकरणों में देय राशि का भुगतान संबंधित आदेश जारी किया है।*

*- आरके प्रधान, प्रभारी सहायक उपायुक्त, श्रम विभाग रायपुर*

# छत्तीसगढ़ कैडर के चार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जाएंगे केंद्र

## इन अफसरों का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कैडर के चार वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। इनमें अविनाश चंपावत, रीना बाबा कंगाले, अंबलगन पी और डी. अलरमेलमंगई शामिल हैं। इन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। ये सभी अधिकारी राज्य में सचिव स्तर के पदों पर कार्यरत हैं।

इनमें 2003 बैच के अविनाश चंपावत, रीना बाबा कंगाले और 2004 बैच के अंबलगन पी. तथा अलरमेलमंगई डी शामिल हैं। इनमें से चंपावत एक बार प्रति नियुक्ति पर जा चुके हैं, जबकि शेष तीनों पहली बार इंपैनल हुए हैं। यह इम्पैनलमेंट केंद्र सरकार में उनकी कार्यकुशलता और अनुभव को देखते हुए किया गया है।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के नए नियम

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के नियमों में बदलाव किया गया है। नए नियमों के तहत, केंद्र सरकार अब राज्य सरकार से केवल औपचारिक सहमति लेकर आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेज सकती है। इससे पहले, राज्य सरकार की सहमति अनिवार्य थी, जिसके कारण कई बार प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया में देरी होती थी। चयनित अधिकारियों को जल्द ही केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## कुकदा में पांच दिवसीय रामायण समारोह 20 से

**पलारी।** निकटतम ग्राम कुकदा में इस वर्ष भी जय श्रीराम रामायण समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20 से 25 मार्च तक पांच दिवसीय अखंड रामायण समारोह का आयोजन रखा गया है। रामायण समारोह संचालक रामनारायण वर्मा ने बताया कि 12 वर्ष के इस आयोजन में प्रतिभागी प्रत्येक मानस मंडलियों को समिति द्वारा 501 श्रीफल, श्रीरामचंद्रजी का छायाचित्र, हनुमान चालीसा एवं मैडल प्रदान किया जावेगा तथा विशेष मानस मंडलियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। संयोजक घनश्याम वर्मा ने बताया कि हमारे ग्राम कुकदा के रामायण में पलारी क्षेत्र के अलावा दूर दराज से मानस मंडलियों का आगमन होता है। धर्मप्रेमियों से निवेदन किया गया है कि अधिकाधिक संख्या में पधारकर प्रभु श्रीराम की महिमा गाकर, सुनाकर एवं श्रवणकर अपने जीवन को सफल बनावें।

## किसान ने तहसील दफ्तर में खाया था जहर तहसीलदार निलंबित

**रायपुर।** बलौदाबाजार जिले के सुहेला तहसील दफ्तर में किसान के जहर खाने के मामले में तहसीलदार कुणाल सवैया को राजस्व विभाग ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि जमीन विवाद को लेकर किसान हीरालाल साहू परेशान था। बार-बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर उसने जहर खा लिया था। उसका इलाज अभी जारी है। बुढ़गहन गांव का रहने वाला किसान लंबे समय से अपनी जमीन पर कब्जे से जुड़े विवाद को लेकर परेशान था। यह प्रकरण सुहेला तहसील में चल रहा था। कई बार तहसील दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी प्रशासन से मदद न मिलने के चलते परेशान किसान ने कार्यालय में ही जहर खा लिया था।

## निशुल्क विपश्यना ध्यान शिविर 6 अप्रैल से

**रायपुर।** विपश्यना ध्यान के साधकों द्वारा स्थापित एवं संचालित धम्म कुटी विपश्यना ध्यान केंद्र सिंगारभाठा में दस दिवसीय निशुल्क विपश्यना ध्यान शिविर 6 से 17 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। शिविर का संचालन बालाघाट के वरिष्ठ सहायक आचार्य एलपी मंडलेकर करेंगे। प्रचलित परम्परा के अनुसार विपश्यना के सहायक आचार्य / वरिष्ठ सहायक आचार्य/ आचार्य को पारिश्रमिक अथवा मानदेय नहीं दिया जाता वे इस परंपरा के वाहक हैं जो समाज के अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए स्वैच्छिक सेवा देते हैं। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से 9 बजे तक विभिन्न सत्रों में लगभग दस घंटे साधना कराई जाती है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम जामपाली में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस को प्रार्थी भजेराम सोना निवासी जामपाली ने बताया कि 16 मार्च को वह अपने खेत से लकड़ी लाने के लिए मजदूर खोजने गया था। वापस आने के दौरान करीब 5 बजे गली में लगे सार्वजनिक पानी टंकी के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर के चालक सुमन सिदार ने अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते लाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## आज दी जाएगी आंतरिक मूल्यांकन की जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम स्नातक द्वितीय सेमेस्टर कला/वाणिज्य / विज्ञान / कंप्यूटर संकाय के नियमित विद्यार्थियों को 19 मार्च को सुबह 10:30 बजे से आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा संबंधी निर्देश एवं असाइनमेंट के विषय की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान सभी छात्रों को अनिवार्य रूप से प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना होगा।

# महिला मंडल ने होली मिलन व गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

स्थानीय नारायणी नवल धाम मंदिर प्रांगण में महिला मंडल द्वारा होली मिलन व गणगौर उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों, वरिष्ठ महिलाओं व सदस्यों द्वारा गणेशजी, श्री परशुराम की पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर महिलाओं के लिए मनोरंजक गुब्बारे के खेल रखे गए। गणगौर की शब्दावली पर आधारित पर्चीयां रखी गई, जिनमें आए शब्दों जैसे जंवारा, अलकल, ईसर-गौरा के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति समाज की महिलाओं द्वारा दी गई।



### लोक गीत व फागुन के गीतों पर रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गीत व फागुन के गीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां एकल व सामूहिक नृत्य के माध्यम से समाज की बेटियों व बहुओं द्वारा दी गई। समाज की इस वर्ष नई ब्यावलियों को विशेष स्मृति चिन्ह लाड-दुलार के साथ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमा शर्मा, आभा व्यास व साक्षी शर्मा ने किया। महिला मंडल की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन महिलाओं को सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रकार पारम्परिक परिधानों लोकगीतों लोक नृत्यों व लोक परंपराओं के अनुसार धूमधाम से उत्सव संपन्न हुआ।

### 23 को होगा राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन

# साक्षर बनने जिले के 17 हजार 626 शिक्षार्थी महापरीक्षा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दीपक सोनी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट में मंगलवार को केन्द्र द्वारा प्रवर्तित उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के सम्बंध में विभागीय एवं अंतर्विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों से मिलजुलकर परस्पर सहयोग करने निर्देशित किया।

ताकि जिला शत प्रतिशत साक्षरता की दर प्राप्त कर सके। परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों को पढ़ना 50 अंक, लिखना 50 अंक तथा गणित 50 अंक कुल 150 अंक की परीक्षा देनी होगी। परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों को अंक पत्र सह साक्षरता प्रमाण पत्र स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान किया जायेगा। राज्य कार्यालय द्वारा प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका प्राप्त हो गयी है। जिसे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ग्राम वार्ड के परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को वितरित कर दिया गया है। राष्ट्रव्यापी साक्षरता महापरीक्षा की सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई है। परीक्षा के एक–दो दिन पूर्व केन्द्राध्यक्ष एवं उस संस्था के शिक्षकों व स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को घर–घर जाकर पीला चावल एवं शिक्षार्थी पर्ची देकर परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निमत्रंण दिया जायेगा। सोमेश्वर राव जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण ने बताया कि परीक्षा का समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक होगा। जिसमें शिक्षार्थी अपनी सुविधाजनक समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### 25 हजार शिक्षार्थियों को साक्षर करने का लक्ष्य

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव हिमांशु भारतीय ने बताया कि राज्य द्वारा जिला बलौदाबाजार को 25 हजार शिक्षार्थियों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके विरूद्ध 26 हजार 953 शिक्षार्थियों का सर्वे शिक्षकों, स्वयंसेवी शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। उसी प्रकार राज्य से 2500 स्वयंसेवी शिक्षकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध 2756 स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्वे किया गया। सर्वे के उपरांत शिक्षार्थियों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों का उल्लास एप में पंजीयन भी कर लिया गया है। जिले में कुल 17626 शिक्षार्थी महापरीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# नपं में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने पदभार ग्रहण किया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

नगर पंचायत चुनाव परिणाम के बाद से ही आमजनों को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद कार्यभार का इंतजार था, जो मंगलवार को खत्म हुआ। सभी जनप्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम नगर के महामाया मंदिर से पूजा अर्चना कर तमाम देवी देवताओं को नतमस्तक कर नगर पंचायत पहुंचे। जहां पुजारी ने विधि विधान से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षदों को पदभार कराया। इस दौरान तमाम समर्थक सहित नपा के कमर्चारी मौजूद रहें। विदित हो कि नगर पंचायत कसडोल में कुल 15 वार्डो में 12 पाषर्द भारतीय जनता पार्टी के रहे, वही 3 निर्दलीय पार्षद के रूप में चुनाव जीते जो अब नगर विकास को देखते हुए भाजपा का दामन थाम लिये हैं। कुल मिलाकर यहां पूरे पार्षद भाजपा के काबिज हो गई है।

■ नगर विकास में नहीं होगी कमी

मीडिया से चर्चा करते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहां कि जिस भरोसे के साथ जनता आज भारतीय जनता पार्टी को चुनकर शिखर में बैठाया हैं, उसे ध्यान में रखते हुये विकास की गंगा कसडोल नगर में बहने से कोई नहीं रोक सकेगा। उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि नगर का विकास करना भाजपा और तमाम जनप्रतिनिधियों का पहला कार्य है, जिसे तत्परता के साथ पूरा किया जायेगा। पार्षद भानु प्रताप साहू ने कहा उनका एक ही उद्देश्य है नगर और वार्ड का विकास करना जिसे शीर्ष नेताओं के साथ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के दिशा निर्देश में पूरा किया जाएगा।

## समन्वय साहित्य परिवार ने किया नपं अध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



नगर पंचायत पलारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपी साहू का सम्मान समन्वय साहित्य परिवार के सदस्यों द्वारा किया गया। साथ ही नगर पंचायत पलारी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा का श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सदस्यों से बातचीत करते हुए श्री साहू ने भविष्य में साहित्यिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु अपने विचार व्यक्त किए। समन्वय साहित्य परिवार के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू ने अंचल के साहित्यिक गतिविधि के बारे में उन्हें जानकारी दी। कार्यक्रम में समन्वय साहित्य परिवार पलारी के सचिव पोखन लाल जायसवाल, नेहरू लाल यादव, अरुण वर्मा, पूरन लाल जायसवाल, दीपक तिवारी सहित नगर पंचायत पलारी के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## 14 साल बाद कक्षा आठवीं की बोर्ड की परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला






प्रदेश में लगभग 14 साल बाद कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और गणित विषय की परीक्षा को पहले पेपर के रूप में प्रस्तुत किया। परीक्षार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी और उत्साह का माहौल था। उनका मानना है कि इस परीक्षा से बच्चों का सही मूल्यांकन किया जा सकेगा, जो भविष्य में उनकी शिक्षा को दिशा देने में मददगार हो सकता है।शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रावन में परीक्षा के दौरान यह देखा गया कि कुछ बच्चों को शिक्षकों ने घर से बुलाया था, ताकि वे परीक्षा में भाग ले सकें। हालांकि, बोर्ड परीक्षा के आयोजन को लेकर लोगों में उत्साह था, वहीं कुछ बच्चों को परीक्षा की जानकारी की कमी भी महसूस हुई। एक छात्रा परीक्षा के समय 9.10 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंची और वह भी बिना स्कूल की यूनिफॉर्म के थी। बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल में एक अलग तरह का माहौल था। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जैसा डर होता है, वैसा आठवीं के बच्चों में नहीं देखा गया। परीक्षा के दौरान कुछ इनविजीलेटर परीक्षा हॉल को छोड़कर ऑफिस में आते-जाते भी दिखाई दिए, जिससे परीक्षा की गंभीरता पर सवाल उठने लगे।

■ संकुल केंद्रों के 97 छात्र परीक्षा हुए शामिल

### पहला प्रश्न पत्र गणित का हुआ

संकुल प्राचार्य योगेंद्र वर्मा ने बताया की हमारे संकुल में 4 केंद्र है, जिसमें कुल 101 में 4 बच्चे अब्सेंट है। 97 बच्चे परीक्षा दिला रहे हैं। आज की स्थिति में गणित का पेपर है, पूर्व माध्यमिक शाला रावन में परीक्षा शुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। बच्चे टेबल पर बैठे हुए हैं और लिख रहे हैं। एक कक्षा के लिए 1 इनविजीलेटर की संख्या परीक्षा केंद्र के लिए काफी है और 2 की आवश्यकता नहीं है, वो तो वहां पर स्टाफ है, इसलिए मिल गया। अन्यथा उन्हें स्वयं को वहां ड्यूटी करना पड़ता। कक्षा में केंद्र अध्यक्ष को उनका कोई काम नहीं है। बोर्ड की तरह 10वीं 12वीं में बोर्ड है वैसा कोई काम नहीं है। यहां दर्ज संख्या केवल 49 है। कई स्कूलों में तो केवल 5 ही है।हमारे संकुल सरस्वती में 5 ही है अब वहां के केंद्र अध्यक्ष बोलेंगे 2 इनविजीलेटर दो, तो प्राइवेट स्कूल में किसी का कोई बोर्ड में ड्यूटी नहीं लगी है तो वहां पर है दे देंगे। गवर्नमेंट में तो टीचर ही नहीं है। प्राइमरी स्कूल के टीचर को छठवीं और सातवीं को पढ़ाने के लिए लगाए हैं।

### निरीक्षण अनिवार्य

ग्राम के पालकों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में जो व्यवस्था होती है, जिसमें अन्य स्कूलों के शिक्षक निरीक्षण करते हैं, उसी तरह आठवीं की परीक्षा भी होनी चाहिए, ताकि बच्चों का सही मूल्यांकन किया जा सके।शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रावन के परीक्षा केंद्र अध्यक्ष पंचम यादव ने बताया आठवीं के गणित की परीक्षा संचालित है, जिसमें 49 दर्ज 46 उपस्थित है। 3 अनुपस्थित है। 1 क्लास में दो इनविजीलेटर होने चाहिए, लेकिन यहां पर एक ही है, जरूरी कामों से आते जाते रहते हैं 2 और इनविजीलेटर की स्कूल में आवश्यकता है।

## सफाई कर्मचारी गैरहाजिर ठेकेदारों पर लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने से पहले शहर की सफाई व्यवस्था धरातल पर सुधरती नजर नहीं आ रही है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश के बाद भी वार्डो में सफाई कर्मचारी निर्धारित संख्या में नहीं आ रहे। अनुबंधित ठेकेदारों पर स्वास्थ्य विभाग महज जुर्माना लगाने की खानापूर्ति करने जुटा है। सफाई व्यवस्था का हाल ये है कि जोन 2 के 7 वार्डो में साफ-सफाई में कोताही और निर्धारित संख्या से कम संख्या में कामगारों की उपस्थिति पर संबंधित सफाई ठेकेदारों पर 77 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

सोमवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे ने जोन 2 के साफ-सफाई कार्य के लिए वार्डो की निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराने पर संबंधित ठेकेदारों पर 77 हजार रुपये करने निर्देश दिये हैं। निष्ठा की उपस्थिति और और वार्ड में उपस्थिति में अंतर होने पर यह कदम उठाया गया।

## लूटने आया बदमाश लूट का हो गया शिकार

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चाकू की नोक पर लूट की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें लूटने आया बदमाश खुद लूट का शिकार हो गया। लूटने आए बदमाश की दो नाबालिगों ने जमकर धुनाई करने के साथ ही उससे चाकू छीन कर उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की अब तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक कचना रोड में रविवार रात दस बजे के करीब एक बदमाश ने दो नाबालिगों को चाकू की नोक पर धमकाते हुए उनसे मोबाइल लूटने की कोशिश की। इस दौरान एक नाबालिग ने चाकू थामे बदमाश पर हमला बोल दिया।

## पीएम इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 31 तक ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित शिक्षा या उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो, आवेदक हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी नियमित जॉब, नियोजन में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय नौकरी में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो व आवेदक की उम्र 21 से 24 वर्ष तक हो तो वो इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## बस की टक्कर से ट्रक पलटा

**महासमुंद।** रायपुर से ओडिशा सामान लेकर जा रहे ट्रक को बस ने टक्कर मार दिया। इस टक्कर से ट्रक रोड किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गया। पिथौरा पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर ट्रक के ड्राइवर श्रवण कुमार यादव पिता सुखदेव यादव (32 वर्ष) निवासी ग्राम महुली थाना रोसरा जिला समस्तीपुर बिहार हॉल मुकाम कटक प्रोफेसर पारा ओडिशा ने रिपोर्ट लिखाई है। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर ट्रक आयचर क्रमांक ओडी 05 बीएफ 3051 में रायपुर से ओडिशा राज्य के अंगुल व भुनेश्वर का सामान भर कर निकला था। रात्रि करीब 11 बजे पहलवान ढाबा के सामने एनएच 53 रोड ग्राम राजा सेवैया पहुंचने पर पीछे से आ रही राधा कृष्ण बस क्रमांक सीजी 14 एमएस 6454 के चालक सलीम एक्का ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये ट्रक को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर दिया जिससे ट्रक रोड किनारे पलट गया। इसके बाद उक्त बस चालक के द्वारा ट्रेलर क्रमांक एमएच 46 बीएफ 2299 को भी एक्सीडेंट कर दिया।

### कलेक्टर ने दो आरएईओ को नोटिस जारी करने निर्देश दिए

# फार्मर रजिस्ट्री में शत-प्रतिशत किसानों का पंजीयन कराएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




संयुक्त जिला कार्यालय में कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने एग्रीस्टेक में किसानों के पंजीयन की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक सभी पात्र किसानों का पंजीयन पूर्ण कराएं। इस दौरान किसान पंजीयन में कमजोर प्रदर्शन के कारण कसडोल क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शशिकांत ध्रुव एवं नवदीप साहू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि जिले में अब तक 76 हजार 389 किसानों का पंजीयन हुआ है और 59 हजार 802 किसानों का पंजीयन नहीं हो सका है।

कलेक्टर ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री अंतर्गत किसान पंजीयन शासन की महत्वपूर्ण योजना हैं। जिसकी निगरानी केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। आगामी दिनों मे सभी योजनाओं का लाभ किसानों को इस पंजीयन के माध्यम से मिलेगा। उन्होंने पंजीयन के लिए शेष किसानों का पंजीयन के लिए संबंधित पटवारी, सीएससी एवं सहकारी समिति के माध्यम से कराने मुनादी कराकर किसानों जानकारी देने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही सहकारी समिति द्वारा पंजीयन के लिए समिति से तिथि लेकर उस तिथि को किसानों को पंजीयन के लिए भेजने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक एक व्ही एल ई की ड्यूटी लगाएं और प्रतिदिन की प्रगति संधारित करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन उपसंचालक कृषि एवं ईडीएम वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों एवं व्हीएलई की ऑनलाइन बैठक लें और पंजीयन में प्रगति लाएं।

### समय पर किसानों का पंजीयन की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी कृषि की

कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि समय पर किसानों का पंजीयन नहीं होने पर सम्बंधित अनुविभागीय अधिकारी कृषि पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कृषि विभाग द्वारा कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य कृषि स्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है। इस पंजीयन के माध्यम से सरकारी योजनाएं और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलता पूर्वक पहुंचे। योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। अब तक जिले के 1 लाख 36 हजार 191 किसानों में से 76 हजार 389 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। बैठक में अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, उप संचालक कृषि दीपक नायक सहित, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### लोमश बने देवांगन समाज युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**खरोरा।** प्रदेश देवांगन का समाज का शपथ ग्रहण समारोह और नवनिर्वाचीत जन प्रतिनिधि का सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इसमें खरोरा केशला के लोमश देवांगन ने देवांगन समाज के युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर शपथ ग्रहण कर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन के हाथों कार्यभार लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश देवांगन समाज की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की, जिसमें शादी में प्री वेडिंग, शराब पर बैन किया गया है और 100 से अधिक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि का सम्मान किया गया। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में सक्रिय सदस्य हैं, वहीं गरीब बच्चों के शिक्षा, पौधारोपण जैसे गतिविधियों में योगदान देते रहते हैं, जिससे क्षेत्र में युवा समाजसेवी के रूप में जाने जाते हैं। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश देवांगन ने लोमश देवांगन को उपसरपंच और उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया।

### जेल से रिहा होने वालों का सम्मान कल

**पलारी।** नगर में आयोजित छत्तीसगढ़ विकास पार्टी की स्थापना दिवस एवं बलौदाबाजार आंदोलन करने वाले जेल से रिहा हुए लोगों का सतनामी रत्न सम्मान से सम्मानित करने संबंधी विषय को लेकर 20 मार्च को 12 बजे सतनाम भवन पलारी में पूर्व सांसद पी.आर खुंटे अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विकास पार्टी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में बड़ी संख्या में लोगों अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की, जिसमे सभी का सुझाव विचार लिया जा सके। इस दौरान प्रचार सामग्री का वितरण किया जायेगा।

### टुपेश को मिली पीएचडी की उपाधि

**महासमुंद।** पीजी कॉलेज में शोधार्थी टुपेश कुमार कोसमा द्वारा छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में अनुसूचित जनजाति महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण एवं पंचायतीराज व्यवस्था (भानुप्रतापपुर विकासखंड के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध निर्देशक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरा किया। जिसकी अधिसूचना विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 18 मार्च 2025 को जारी करते हुए दी गई।

### जय मां खल्लारी बेमचा वाली

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा के मां खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्वलन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। वहीं, पंचमी श्रृंगार 2 अप्रैल, हवन अनुष्ठान 5 अप्रैल संध्या 5 बजे, ज्योति शांति 5 अप्रैल रात्रि 12 बजे, मेला 12 अप्रैल को होगा। इसी प्रकार श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान गंगा सप्ताह के दौरान भगवताचार्य पंडित मिथलेश कुमार तिवारी वाले प्रवचन करेंगे। जिसका समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन होगा। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### मंत्री टंकराम, उपाध्यक्ष शिवरतन की मौजूदगी में जनपद सदस्यों ने पद और गोपनीयता की ली शपथ

# जनता ने भाजपा के एक साल के कार्य पर लगाई मुहर : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार को जनपद पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता अनंत, उपाध्यक्ष भोला वर्मा और 25 जनपद सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, राकेश तिवारी, सुनील यदु, दिलीप छाबड़िया, मोहन बांधे, ओम प्रकाश रात्रे, पवन वर्मा, मथुरा यदु, चन्द्रमणी तिवारी, योगेश अनंत जिला पंचायत सदस्यों सहित कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में जनपद पंचायत के सीईओ हिमांशु वर्मा ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस मौके पर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया।






उन्होंने कहा भाजपा सरकार के बीते एक साल के कार्यकाल में जनता ने विकास कार्यों को करीब से देखा है। यही कारण है कि ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका और जिला पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को भारी जीत मिली है। हम जनता के विश्वास को बनाए रखेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों की जीत यह दर्शाती है कि जनता सरकार के विकास कार्यों से संतुष्ट है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि हर गांव और हर शहर में विकास की नई कहानी लिखी जा सके। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों से कहा कि वे जनसेवा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### समर्पित भाव से कार्य करेंगे

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य और सरपंच अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ करेंगे तथा अपने क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से लगातार विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अब नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में इन प्रयासों को और गति मिलेगी, जिससे गावों की आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन सकारात्मक बदलावों से नागरिकों का सरकार और जनप्रतिनिधियों पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

### जनता के आशीर्वाद को चुनौती के रूप में स्वीकार करें नवनिर्वाचित सदस्य




**सिमगा।** नगर के सामुदायिक भवन में जनपद पंचायत सिमगा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, अध्यक्षता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं विशेष अतिथि के रूप में बलौदाबाजार के भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष अनिल पांडे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य जनता के आशीर्वाद को चुनौती के रूप में स्वीकार करें तथा सभी के सहयोग से समस्याओं का निदान करें। भाजपा के पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य की समस्त विकास योजनाएं जिला एवं जनपद पंचायत से होकर ग्राम पंचायतों से स्वीकृत होती हैं। इसीलिए सामूहिक रूप से सभी के सहयोग से कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि सभी के आशीर्वाद से आप सभी निर्वाचित होकर पदाधिकारी बने हैं। मतदाताओं की उम्मीदों को आशीर्वाद के साथ साथ चुनौती के रूप में स्वीकार करें तथा विकास कार्यों में जनसहयोग लें। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जलसंकट, अवैध कब्जे, अतिक्रमण, अवैध कारोबार को रोकने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आगे आकर जनता से सहयोग लेकर ऐसे कार्यों को रोकने पर बल दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे ने नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सहित सभी महिला एवं पुरुष जनपद सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहित मंचासीन समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष त्रय चंद्रमणि तिवारी, हमेंत बघमार, नारायण साहू, छोटू यादव, केजू राम बघेल, मोहन धिकड़े, हेमसिंह चौहान, शिवधारी देवांगन, परीक्षित चतुर्वेदी, नीरज शर्मा, केयुर भूषण शर्मा, हेमंत साहू जिला पंचायत सदस्य द्वय शशि आनंद बंजारे एवं दीप्ति गोविंद वर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश उपाध्याय ने किया।

## हसुवा में भागवत कथा जारी



**हसुवा।** विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम हसुवा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का प्रारम्भ हुआ। कलश यात्रा का शुभारम्भ ऐतिहासिक कीर्तन भजन के साथ भागवत कथा स्थल मां सम्लेश्वरी मंदिर से पूरे गांव का भ्रमण करते हुए छुइया तालाब से जल भरकर कथा स्थल पहुंच कथा प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम 16 मार्च से प्रारंभ है, जो 24 मार्च तक चलेगी। इसमें 19 मार्च को सती चरित्र प्रह्लाद कथा, वामन अवतार, 20 मार्च श्री राम चरित्र, श्री कृष्णावतार, 21 मार्च बाल लीलायें, गोवर्धन लीला, 22 मार्च श्री कृष्ण- रुखमनी विवाह, 23 मार्च सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, 24 मार्च तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, महाप्रसाद के साथ कथा समापन होगा। कार्यक्रम के कथावाचक डॉ. राकेशचन्द्र द्विवेदी है।

## समस्याओं के त्वरित निराकरण करने शुरू होगा राजस्व पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय–सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आगामी 7 से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा का




आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्व सम्बन्धी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के तेजी से निराकरण करने तथा लोगों की समस्याओं का संवेदनशिलता के साथ निराकरण के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये।इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत, पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल अंतर्गत विभागों के लिए तय किये गए मानक संकेतकों के अनुसार योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणाधीन भावनों की समीक्षा करते हुए समय पर पूरा करने तथा ऐसे भवन जिनका निर्माण विगत 3 वर्षों में पूरा नहीं हुआ उनकी सूची तैयार करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह सुहेला और पलारी में निर्माणाधीन नवीन तहसील कार्यालय भवन का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करने कहा। उन्होंने ई–ऑफिस संचालन हेतु कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी संकलित करने तथा आवश्यक प्रविष्टि के लिए एनआईसी के अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये। बैठक में केंद्रीय सहित राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

## कांग्रेस में रहकर कार्य करेंगे प्रवेश दुबे दीपक बैज से मुलाकात पर मिला निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से रायपुर स्थित निवास पर नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 1 से निर्वाचित पार्षद प्रवेश दुबे ने मुलाकात की। दीपक बैज ने उन्हें कांग्रेस पार्टी में रहकर कार्य करते रहने निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों संपन्न नगर पंचायत चुनाव में वरिष्ठ कांग्रेसी प्रवेश दुबे को प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति द्वारा नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रुप में घोषित किया था, किन्तु नाटकीय घटनाक्रम में राजनीतिक दबाववश उनका बी फार्म रोक दिया गया था। इस कारण प्रवेश दुबे निर्दलीय होकर चुनाव लड़ें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को अच्छे अन्तर से



हराकर पार्षद निर्वाचित हुए। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक गलियारे में इस बात पर चर्चा जोरों पर थी कि बी फार्म नहीं मिलने और उसके कारण निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ने के बाद प्रवेश दुबे की आगे भूमिका क्या होगी। लेकिन इस पर विराम लगाते हुए प्रवेश दुबे ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से पूर्व विधायक चंद्रदेव राय के साथ मुलाकात कर स्थिति स्पष्ट करते हुए अपनी बात रखी। जिस पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें कांग्रेस पार्टी में रहकर कार्य करने को कहा। श्री बैज से मुलाकात के बाद प्रवेश दुबे ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता रहा हूं और सदैव कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करता रहूंगा।



## भरुवाडीह कला में पांच दिवसीय रामायण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम भरुवाडीह कला में आयोजित पांच दिवसीय रामायण समारोह भक्ति भाव के साथ जारी है। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन रामायण पाठ, प्रवचन, भजन–कीर्तन एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। समारोह के दौरान धीरेंद्र वर्मा ने रामायण के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन आदर्श, सत्य और मर्यादा का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा और समाज में रामायण के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इससे युवा पीढ़ी को जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। उनकी इस प्रेरणादायक व्याख्या से उपस्थित जनसमूह अत्यंत प्रभावित हुआ। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता की और धार्मिक उत्सव का आनंद लिया। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है और श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न सुविधाओं का भी प्रबंध किया गया है। प्रतिदिन भजन–कीर्तन और प्रवचन के साथ संध्या आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं।

## तालाब सूखने से बढ़ा जल संकट गंगरेल से पानी छोड़ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

क्षेत्र के गांवों में जल संकट गहराता जा रहा है। बढ़ती गर्मी और गिरते भूजल स्तर के कारण हैंडपंप और कुएं सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी धन्नू साहू ने बताया कि पिछले एक महीने से तालाब पूरी तरह सूखा पड़ा है, जिससे मवेशियों और ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। पानी की इस किल्लत से नहरे और अन्य जल स्त्रोत भी प्रभावित हुए हैं। गांवों में बिगड़ती स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने सरकार से गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की है। प्रभावित गांवों में रेंगाडीह, सेमहराडीह, साराडीह, देवसुंद्रा, सकरी, सडी, ससहा, खपरी, सुंदरी, छेरकाडीह,घिरघोल,जारा, लुटूडीह, दतान, सर्रा, गोड़ा, परसवानी समेत कई अन्य गांव शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार से जल्द राहत प्रदान करने की अपील की है।

### प्रेसवार्ता में मंत्री ने दिया बढ़ते अवैध कब्जे के प्रश्न पर जवाब

# अतिक्रमण पर रोक लगाने का अधिकार है पंचायत को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के विश्राम गृह में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए राजस्व, खेलकूद एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शासकीय भूमि में अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण की समस्या प्रदेश में है। ग्रामीण अंचल में इसे रोकने का अधिकार केवल ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ जनता को भी उक्त कार्य को रोकने के लिए जागरूक होकर कार्य करना पड़ेगा। इसी प्रश्न के उत्तर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि 1985 में रायपुर से प्रकाशित एक दैनिक अखबार में पूर्व मुख्यमंत्री



स्व. अर्जुन सिंह कि की गई घोषणा जो जहां पर काबिज है उसे कब्जा दिया जायेगा, पर एक कार्टून छपा था। रेल पटरी के मध्य में एक झोपड़ी बनी थी आज वहीं स्थिति पूरे प्रदेश में है। जिसका निराकरण जनता को स्वयं करना होगा। नेता द्वय ने कहा कि नशीली वस्तुओं के अवैध कारोबार को बंद करने के लिए जनता को ही सामने आना पड़ेगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में राजस्व मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुए सुहेला की घटना में तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है तथा घटना की पूरी जानकारी मंगाई गई है। घायल व्यक्ति के इलाज की शासन स्तर पर व्यवस्था की जा रही है। सिमगा क्षेत्र में तस्करों द्वारा धड़ल्ले से शिवनाथ नदी में अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिस पर शासन प्रशासन की चुप्पी समझ से परे हैं पर मंत्री वर्मा ने कहा कि रेत के अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही। क्षेत्र के खस्ता हाल सड़कों के संबंध में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं किया गया। उचित रखरखाव व मरम्मत के अभाव में सड़कें खराब होती चली गई। उपरोक्त कार्य के लिए बलौदाबाजार जिले में 35 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसका कार्य शीघ्र शुरू होगा। प्रेस वार्ता के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा के साथ शिवरतन शर्मा, अनिल पांडे, आनन्द यादव भी मौजूद रहे।




